# UGC NET PAPER 2 DECEMBER 28, 2014 SHIFT 1 LAW QUESTION PAPER

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Which of the following statements is right ?
(A) Law consist of rules in accordance with reason and nature has formed the basis of imperative law.
(B) Natural law is a type of command.
(C) Law, according to positivist, is made through medium of courts.
(D) Hart talks in terms of conduct supplemented by an attitude of mind to the effect that the conduct in question is obligatory because it is required by rule.

**2.** Right in re aliena means a right over
(A) his own property
(B) a property of someone else
(C) property situated in a foreign country
(D) property situated in one's own country

**3.** **Assertion (A) :** A perfect duty is one which a man not merely ought to perform, but may be justly compelled to perform.
**Reason (R) :** A perfect duty is one which is not merely recognised by law but enforced.
1. (A) is true, but (R) is false.
2. (A) is false, but (R) is true.
3. Both (A) and (R) are true.
4. Both (A) and (R) are false.

(A) 1 and 2 (B) 2 and 3
(C) 3 alone (D) 4 alone

**4.** Possession is prima facie evidence of tittle of ownership. Hence –
(A) long adverse possession confers tittle even to a property which originally belonged to another.
(B) in all cases possession leads to ownership.
(C) transfer of possession is not a mode of transferring ownership.
(D) long possession do not confer tittle to the property which originally belonged to government.

**5.** Who among the following said that there is in essence no difference between the legal personality of a company and that of an individual ?
(A) Maitland (B) Dicey
(C) Gierke (D) Kelson

**6.** Ownership of Goodwill of a business is
(A) Limited ownership (B) Corporeal ownership
(C) Incorporeal ownership (D) Beneficial ownership

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्न में से कौन सा अभिकथन सही है ?

(A) कानून उन नियमों से निर्मित होता है जो तर्क के अनुसार होते हैं और प्रकृति अनिवार्य कानून का आधार प्रदान करती है ।

(B) प्राकृतिक कानून एक प्रकार का आदेश है ।

(C) प्रत्यक्षवादियों के अनुसार कानून न्यायालयों के माध्यम से बनाया जाता है ।

(D) हार्ट ऐसे आचरण के बारे में बात करता है जिसकी पूर्ति मन के ऐसे रवैये से होती है और जिसका परिणाम यह है कि जिस आचरण की बात हो रही है वह बाध्यकर इसलिए है क्योंकि नियम को उसकी आवश्यकता है ।

**2.** 'इन रे ऐलियाना अधिकार' का अर्थ है

(A) अपनी संपत्ति पर अधिकार

(B) किसी और की संपत्ति पर अधिकार

(C) विदेश में स्थित संपत्ति पर अधिकार

(D) अपने देश में स्थित संपत्ति पर अधिकार

**3.** **अभिकथन (A) :** एक पूर्ण कर्त्तव्य वह होता है जिसमें किसी व्यक्ति को न केवल निष्पादन करना होता है, बल्कि जिसमें उसे निष्पादन करने के लिए उचित रूप से बाध्य किया जा सकता है ।

**कारण (R) :** एक पूर्ण कर्त्तव्य वह है जिसे कानून न केवल मान्यता देता है, बल्कि लागू भी करता है ।

1. (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है ।
2. (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है ।
3. (A) और (R) दोनों सत्य हैं ।
4. (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

(A) 1 और 2

(B) 2 और 3

(C) केवल 3

(D) केवल 4

**4.** क़ब्ज़ा, स्वामित्व के टाइटिल का प्रथम दृष्ट्या साक्ष्य है । अत:

(A) लंबे समय तक किसी संपत्ति पर क़ब्ज़ा टाइटिल प्रदान करता है चाहे वह संपत्ति मूल रूप से किसी दूसरे की थी ।

(B) सभी मामलों में क़ब्ज़ा स्वामित्व तक ले जाता है ।

(C) क़ब्ज़े का हस्तांतरण स्वामित्व के हस्तांतरण का एक तरीका नहीं है ।

(D) मूल रूप से जो सरकारी संपत्ति हो उस पर लंबे समय तक क़ब्ज़ा उस संपत्ति का टाइटिल नहीं प्रदान करता ।

**5.** निम्न में से किसने कहा कि तात्विक रूप में किसी कंपनी के क़ानूनी व्यक्तित्व तथा किसी व्यक्ति के क़ानूनी व्यक्तित्व में कोई अंतर नहीं है ?

(A) मैट लैंड

(B) डाइसी

(C) गियर्क

(D) केल्सन

**6.** किसी बिज़नेस की सदाशयता का स्वामित्व

(A) सीमित स्वामित्व है ।

(B) मूर्त स्वामित्व है ।

(C) अमूर्त स्वामित्व है ।

(D) लाभकारी स्वामित्व है ।

7. It was remarked in 'Golaknath Vs. State of Punjab' that our 'Preamble to the Constitution contains in a nutshell its ideals and aspirations' by one of the judges ?
(A) Justice V.R. Krishna Iyer
(B) Justice K. Subba Rao
(C) Justice A.N. Ray
(D) Justice H.R. Khanna

8. Right of eligible employees to be considered for promotion is virtually a part of Fundamental Right of employees, was decided by the Supreme Court in :
(A) Union of India Vs. Hemraj Singh Chauhan
(B) Supreme Court Employees Association Vs. Union of India
(C) John Vallamattam Vs. Union of India
(D) St. Stephens College Vs. University of Delhi

9. In Vishram Singh Raghubanshi Vs. State of Uttar Pradesh (AIR2011 SC2275) the court held that :
(A) It is the duty of Superior Courts to protect the reputation of judicial officers of subordinate courts.
(B) Procedure laid down in the appointment of officers of subordinate courts.
(C) Procedure laid down in the salaries and service conditions of the judicial officers of the lower judiciary.
(D) Transfer of the Judges of the High Court.

10. In which of these cases, Fundamental Duties are judicially invoked ? Answer using codes given below :
i. Prem Prakash Vs. Punjab University
ii. Suresh Koshy George Vs. University of Kerala
iii. Rural Litigation and Entitlement Kendra Vs. State of Uttar Pradesh
iv. Shri Sachidanand Pandey Vs. State of West Bengal

**Codes :**
(A) i and ii are correct.
(B) ii and iii are correct.
(C) iii and iv are correct.
(D) i, ii, iii and iv are correct.

11. Match List – I with List – II using codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| i. Executive power must be exercised in accordance with the Constitution. | a. H.H. Maharajadhiraja Madhav Rao Jivaji Rao Scindia Bahadur Vs. Union of India |
| ii. Executive power is the residue of functions of Government, which are not legislative or judicial | b. Maganbhai Ishwarbhai Patel Vs. Union of India |
| iii. Executive power may be exercised without prior legislative support. | c. Kehar Singh Vs. Union of India |
| iv. The President is not bound to hear a petitioner for mercy before he rejects the petition. | d. A. Sanjeevi Naidu Vs. State of Madras |

**Codes :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | d | a | b | c |
| (B) | a | d | b | c |
| (C) | d | a | c | b |
| (D) | b | c | a | d |

7. किस न्यायाधीश ने गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य मामले में टिप्पणी की कि हमारे संविधान की प्रस्तावना में इसके आदर्श और श्वासें संक्षेप में शामिल हैं ?
(A) न्यायाधीश वी.आर. कृष्णाअय्यर
(B) न्यायाधीश के. सुब्बाराव
(C) न्यायाधीश ए.एन. राय
(D) न्यायाधीश एच.आर. खन्ना

8. योग्य कर्मचारियों की पदोन्नति अधिकार कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों का ही वस्तुत: हिस्सा है, सर्वोच्च न्यायालय ने किस मामले में निर्णय लिया ?
(A) भारत संघ बनाम हेमराज सिंह चौहान
(B) सर्वोच्च न्यायालय कर्मचारी संघ बनाम भारत संघ
(C) जॉन वल्लमत्तम बनाम भारत संघ
(D) सेंट स्टीफेंस कालिज बनाम दिल्ली विश्वविद्यालय

9. विश्रामसिंह रघुवंशी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (AIR2011 SC2275) में न्यायालय ने निर्णय दिया है कि
(A) अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों के मान के संरक्षण का वरिष्ठ न्यायालय का कर्त्तव्य है ।
(B) अधीनस्थ न्यायालयों के अधिकारियों की नियुक्ति के लिए निर्धारित की गयी पद्धति है ।
(C) निचली अदालतों के न्यायिक अधिकारियों की सेवा शर्तों और वेतन के लिए निर्धारित की गयी पद्धति है ।
(D) उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का स्थानांतरण है ।

10. निम्नलिखित मुकद्मों में से किसमें मौलिक कर्त्तव्यों को न्यायिक रूप से लागू किया गया है ? नीचे दिए गए कूटों की सहायता से उत्तर दीजिए :
(i) प्रेम प्रकाश बनाम पंजाब विश्वविद्यालय
(ii) सुरेश कोशी जॉर्ज बनाम केरल विश्वविद्यालय
(iii) रूरल लिटिगेशन एंड ऐंटाइटिलमेंट केन्द्र बनाम उत्तर प्रदेश राज्य
(iv) श्री सच्चिदानंद पाण्डे बनाम पश्चिम बंगाल

**कूट** :
(A) i और ii सही हैं ।
(B) ii और iii सही हैं ।
(C) iii और iv सही हैं ।
(D) i, ii, iii और iv सही हैं ।

11. नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| i. | अधिशासी अधिकारों का प्रयोग संविधान सम्मत ढंग से किया जाना चाहिए । | a. | एच.एच. महाराजाधिराज माधव राव जिवाजी राव सिंधिया बहादुर बनाम भारत संघ |
| ii. | अधिशासी अधिकार सरकार के प्रकार्य का अवशेष है जो न्यायिक अथवा विधायी नहीं है । | b. | मगनभाई ईश्वरभाई पटेल बनाम भारत संघ |
| iii. | अधिशासी अधिकार का प्रयोग पूर्व विधायी समर्थन के बिना किया जा सकता है । | c. | केहर सिंह बनाम भारत संघ |
| iv. | राष्ट्रपति याचिका को ठुकराने से पहले याचिकाकर्त्ता को सुनने के लिए बाध्य नहीं है । | d. | ए संजीवी नायडू बनाम मद्रास राज्य |

**कूट :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | d | a | b | c |
| (B) | a | d | b | c |
| (C) | d | a | c | b |
| (D) | b | c | a | d |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**12.** The Supreme Court has laid down guidelines for imposing emergency under Art. 356 in one of the following cases :
(A) A.K. Roy Vs. Union of India
(B) S.R. Bommai Vs. Union of India
(C) State of Rajasthan Vs. Union of India
(D) Rameswar Prasad Vs. Union of India

**13.** By which constitutional amendment "The total number of ministers, including the Prime Minister, in the Council of Ministers shall not exceed fifteen percent of the total number of members of the House of the people" ?
(A) Ninety First
(B) Ninety Second
(C) Ninety Third
(D) Ninety Fifth

**14.** Match List – I with List – II and give correct answers by using the codes given below :

| **List – I (Principles applied by the Courts)** | **List – II (Cases)** |
|---|---|
| 1. Law must be based on justice, equity and good conscience | a. R.V. Keyn |
| 2. Subrogation | b. Chorzaw Factory (Indemnity) Case |
| 3. Res-Judicata | c. Mavrommatis Palestine Concessions Case |
| 4. Estoppel | d. Barcelona Traction Case |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (B) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (C) | 2 | 4 | 3 | 2 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**15.** Who is not the Exponent of the Constitutive Theory of 'Recognition' ?
(A) Hegel
(B) Oppenheim
(C) Hall
(D) Anzilloti

**16.** Match List – I with List – II and give the correct answer by using the codes given below :

| **List – I (Sources of Public International Law)** | **List – II (Case-related)** |
|---|---|
| 1. General principles of law recognised by the civilized countries | a. North Continental Self case |
| 2. Juristic Work | b. Burkina Faso Vs. Mali |
| 3. International Customs | c. Portugal Vs. India |
| 4. Justice and Equity | d. Paquete Habaana case |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

12. निम्नलिखित मुकदमों में से किसमें सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 356 के अधीन आपातकाल लागू करने के लिए दिशा निर्देश निर्धारित किए हैं ?
(A) ए.के. राय बनाम भारत संघ
(B) एस.आर. बोम्मई बनाम भारत संघ
(C) राजस्थान राज्य बनाम भारत संघ
(D) रामेश्वर प्रसाद बनाम भारत संघ

13. किस संविधान संशोधन के अनुसार 'मंत्री मंडल में प्रधान मंत्री सहित कुल मंत्रियों की संख्या लोक सभा के सदस्यों की कुल संख्या के पंद्रह प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए' ?
(A) 91वें
(B) 92वें
(C) 93वें
(D) 95वें

14. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I<br>न्यायालयों द्वारा व्यवहृत सिद्धांत | सूची – II<br>मामले |
|---|---|
| 1. विधि निश्चित रूप से न्याय, समानता और अच्छी चेतना पर आधारित होना चाहिए । | a. आर.वी. केन |
| 2. प्रत्यासन (सूबरोगेसन) | b. कारज़ोव फैक्ट्री (क्षतिपूर्ति) मामला |
| 3. पूर्व निर्णीत (रेस-जूडिकेटा) | c. मैरोमेटिज पैलेस्टाइन कन्सेसन्श मामला |
| 4. विबंधन (ऐसट्रोपल) | d. बार्सिलोना संकर्षण मामला |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (B) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (C) | 2 | 4 | 3 | 2 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

15. इनमें से कौन 'पहचान' के संघटक सिद्धांत का प्रतिपादक नहीं है ?
(A) हेगल
(B) ऑपेनहाइम
(C) हाल
(D) एंजिलाटी

16. सूची – I के साथ सूची – II को सुमेलित करते हुए नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I<br>अन्तर्राष्ट्रीय लोक कानून के स्रोत | सूची – II<br>सम्बन्धित मामले |
|---|---|
| 1. सभ्य राष्ट्रों द्वारा मान्यता प्राप्त विधि के सामान्य सिद्धांत | a. नॉर्थ कांटिनेंटल सेल्फ मामला |
| 2. न्यायिक कार्य | b. बर्किन फासो बनाम माली |
| 3. अन्तर्राष्ट्रीय प्रथाएँ | c. पुर्तगाल बनाम भारत |
| 4. न्याय और समानता | d. पाक्वेट हबाना मामला |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

Prepp
Your Personal Exams Guide

17. **Statement – I :** Subject to Rules of Jus Cogens, local customary law can supplement or derogate from general custom.

**Statement – II :** International law does not recognise the concept of local custom.

Using the codes given below give the correct answer :

(A) Both the statements are individually true and Statement – II is the correct explanation of statement – I.

(B) Both the Statements are individually true but Statement – II is not the correct explanation of Statement – I.

(C) Statement – I is true, but Statement – II is false.

(D) Statement – I is false, but Statement – II is true.

18. Using the codes given below indicate the chronological sequence in which the following judgements were delivered by the International Court of Justice :

1. Right of passage over Indian Territory case.
2. South-West Africa case.
3. Frontier Dispute.
4. Temple of Preah Vihear

**Codes :**

(A) 1, 2, 3, 4 (B) 2, 4, 1, 3

(C) 1, 4, 2, 3 (D) 3, 2, 4, 1

19. Match List – I with List – II and give the correct answer by using the codes given below :

| **List – I (Provisions under Statute of International Court of Justice)** | **List – II (Related Articles)** |
|---|---|
| 1. Binding force of decrees of International Court of Justice | a. Article 65 |
| 2. Methods of conferring Jurisdiction upon the court. | b. Article 62 |
| 3. Advisory Jurisdiction of the Court. | c. Article 59 |
| 4. Courts power to allow a state to intervene in case to which it is not a party | d. Article 36 |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**17.** **अभिकथन – I :** कागन विधि के संदर्भ में क्षेत्रीय प्रथागत नियम सामान्य प्रथा के सम्पूरक या अप्रतिष्ठित हो सकते हैं ।

**अभिकथन – II :** क्षेत्रीय प्रथाओं की संकल्पना को अन्तर्राष्ट्रीय कानून मान्यता नहीं देता ।

नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

(A) दोनों अभिकथन अलग-अलग सत्य हैं और अभिकथन – II, अभिकथन – I की सही व्याख्या है ।

(B) दोनों अभिकथन अलग-अलग सत्य हैं किन्तु अभिकथन – II, अभिकथन – I की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) अभिकथन – I सत्य है, किन्तु अभिकथन – II असत्य है ।

(D) अभिकथन – I असत्य है, किन्तु अभिकथन – II सत्य है ।

**18.** नीचे दिए गए कूटों की सहायता से न्याय के अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालयों द्वारा प्रदत्त अधोलिखित निर्णयों को कालक्रमानुसार सजाइए :

1. भारतीय क्षेत्र से पारगमन के अधिकार का मामला
2. दक्षिणी-पश्चिमी अफ्रीका मामला
3. सीमांत विवाद
4. प्रीह वियर का मंदिर

**कूट** :

(A) 1, 2, 3, 4 (B) 2, 4, 1, 3

(C) 1, 4, 2, 3 (D) 3, 2, 4, 1

**19.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करते हुए नीचे दिए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I**<br>**अन्तर्राष्ट्रीय न्याय न्यायालय अधिनियम के तहत उपबंध** | **सूची – II**<br>**सम्बन्धित अनुच्छेद** |
|---|---|
| 1. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय की बाध्यकारी शक्तियों का ह्रास | a. अनुच्छेद 65 |
| 2. न्यायालय पर प्रदत्त क्षेत्राधिकार की क्रियाविधि | b. अनुच्छेद 62 |
| 3. न्यायालय का परामर्शदायी अधिकार-क्षेत्र | c. अनुच्छेद 59 |
| 4. राज्य जो प्रतिवादी नहीं है, को केस में दखल देने के लिए न्यायालय शक्ति रखता है | d. अनुच्छेद 36 |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**20.** In which of the following cases, a child could not be a 'Hindu' under the Hindu Marriage Act, 1955 ?

I. Only one parent is a Hindu and the child was brought up as a Hindu.

II. If after the birth of a child both the parents convert to Buddhism.

III. Only one parent is Jain and the child was not brought up as a Jain.

IV. If after the birth of a child both the parents convert to Muslim religion and in the exercise of parental right the child is also converted to Muslim religion.

**Codes :**

(A) I, II and IV (B) III and IV

(C) II and I (D) I, II and III

**21.** When two Hindus are descendants of a common ancestress but by different husbands, they are said to be related to each other by

(A) Uterine Blood (B) Half Blood

(C) Full Blood (D) Fosterage

**22.** A 'Muta' marriage is :

I. A temporary marriage.

II. Recognized under Sunni law.

III. Recognized under Shia law.

IV. For a fixed period.

**Codes :**

(A) II and IV only (B) I, II, III and IV

(C) I, III and IV (D) II and III

Prepp Your Personal Exam Guide

**23.** A decree of judicial separation :

I. dissolve the matrimonial bond.

II. does not dissolve the matrimonial bond but merely suspends marital rights and obligations during the subsistence of the decree.

III. mandates that the parties still continue to be husband and wife but not obliged to live together.

IV. provides that if the parties have not resumed cohabitation for a period of one year either party may seek divorce.

**Codes :**

(A) I, II and IV (B) I, II, III and IV

(C) I and IV (D) II, III and IV

Prepp
Your Personal Exams Guide

**20.** हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अंतर्गत निम्न में से किन मामलों में कोई बच्चा 'हिन्दू' नहीं हो सकता ?

I. केवल एक माता-पिता हिन्दू हैं और बच्चे को हिन्दू के रूप में बड़ा किया गया है ।

II. यदि बच्चे के जन्म के बाद दोनों माँ-बाप बौद्ध बन गए ।

III. केवल एक माता-पिता जैन हैं और बच्चे को जैन के रूप में बड़ा नहीं किया गया ।

IV. यदि बच्चे के जन्म के बाद दोनों माता-पिता मुसलमान बन जाते हैं और अपने माता-पिता के अधिकार का उपयोग करते हुए बच्चे को भी मुसलमान बना देते हैं ।

**कूट** :

(A) I, II तथा IV
(B) III तथा IV
(C) II तथा I
(D) I, II तथा III

**21.** जब दो हिन्दू एक ही पूर्वजा के वंशज हैं लेकिन भिन्न-भिन्न पतियों से हों, तो कहा जाता है कि वे एक-दूसरे से संबंधित हैं

(A) गर्भाशयी रक्त से
(B) अर्ध रक्त से
(C) पूर्ण रक्त से
(D) पालन-पोषण से

**22.** 'मुता' शादी

I. एक अस्थाई शादी है ।

II. सुन्नी कानून के अंतर्गत मान्यता प्राप्त है ।

III. शिया कानून के अंतर्गत मान्यता प्राप्त है ।

IV. एक निश्चित अवधि हेतु ।

**कूट** :

(A) केवल II तथा IV
(B) I, II, III तथा IV
(C) I, III तथा IV
(D) II तथा III

**23.** न्यायिक विच्छेद की डिक्री

I. वैवाहिक बंधन को समाप्त कर देती है ।

II. वैवाहिक बंधन समाप्त नहीं करती बल्कि डिक्री के निर्वाह के दौरान वैवाहिक अधिकारों तथा कर्त्तव्यों को केवल निलंबित कर देती है ।

III. अधिदेश देती है कि पक्ष पति और पत्नी बने रहेंगे लेकिन साथ रहने के लिए बाध्य नहीं हैं ।

IV. यह प्रावधान करती है कि यदि दोनों पक्षों ने एक वर्ष की अवधि के लिए साहचर्य पुन:आरंभ नहीं किया हो तो दोनों में से एक पक्ष तलाक की प्रार्थना कर सकता है ।

**कूट** :

(A) I, II तथा IV
(B) I, II, III तथा IV
(C) I तथा IV
(D) II, III तथा IV

Prepp Your Personal Exam Guide

24. Match List – I with List – II and select the correct answer with the help of codes given below :

| List – I | | List – II | |
|---|---|---|---|
| i. | Ijma | a. | Cancellation of marriage |
| ii. | Faskh | b. | Opinion of one individual only |
| iii. | Mahr-ul-misl | c. | Collective opinion of commentators |
| iv. | Qiyas | d. | Customary dower |

**Codes :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | c | a | d | b |
| (B) | a | b | c | d |
| (C) | c | d | b | a |
| (D) | d | b | a | c |

25. Rules relating to spinda relationship are based on the principle of
(A) Polygyny
(B) Endogamy
(C) Exogamy
(D) Polyandry

26. Divorce by Zihar is a species of
(A) actual divorce
(B) inchoate divorce
(C) khula divorce
(D) constructive divorce

27. For a valid contract acceptance should be
(A) absolute and qualified
(B) partial but unqualified
(C) absolute and unqualified
(D) absolutely qualified

28. According to Explanation 2 to Section 25 of the Indian Contract Act, which of the following statements are correct ?
i. An agreement to which the consent of the promisor is not freely given is valid because consideration is adequate.
ii. An agreement to which the consent of promisor is freely given is valid even if consideration is inadequate.
iii. Consideration must be legal.
iv. Consideration can be illegal.

**Codes :**
(A) i and ii are correct.
(B) ii and iii are correct.
(C) iii and iv are correct.
(D) i and iv are correct.

**24.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चुनाव कीजिए :

| **सूची – I** | | **सूची – II** | |
|---|---|---|---|
| i. | इजमा | a. | विवाह का निरस्त्रीकरण |
| ii. | फस्ख़ | b. | केवल एक व्यक्ति की राय |
| iii. | महरूल-उल-मिस्ल | c. | टिप्पणीकारों की सामूहिक राय |
| iv. | क़ियास | d. | पारम्परिक मेहर |

**कूट :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | c | a | d | b |
| (B) | a | b | c | d |
| (C) | c | d | b | a |
| (D) | d | b | a | c |

**25.** स्पिंडा संबंध से संबंधित नियम किस सिद्धांत पर आधारित हैं ?

(A) बहुपत्नीत्व (B) सगोत्रविवाह

(C) बहिर्विवाह (D) बहुपतित्व

**26.** ज़िहार तलाक किसका प्रकार है ?

(A) वास्तविक तलाक का (B) प्रारंभिक तलाक का

(C) ख़ुला तलाक का (D) रचनात्मक तलाक का

**27.** एक वैध संविदा के लिए

(A) प्रतिग्रहण पूर्ण तथा सशर्त होना चाहिए । (B) प्रतिग्रहण आंशिक लेकिन बिना शर्त होना चाहिए ।

(C) प्रतिग्रहण पूर्ण तथा बिना शर्त होना चाहिए । (D) प्रतिग्रहण पूर्ण रूप से सशर्त होना चाहिए ।

**28.** भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 25 की व्याख्या 2 के अनुसार निम्न में से कौन से अभिकथन सही हैं ?

i. एक ऐसा समझौता जिसे वचनकर्त्ता की सहमति मुक्त रूप से नहीं दी जाती वह इसलिए वैध है क्योंकि प्रतिफल पर्याप्त है ।

ii. एक ऐसा समझौता जिसे वचनकर्त्ता की सहमति मुक्त रूप से दी गई है । वह वैध है चाहे प्रतिफल पर्याप्त न भी हो ।

iii. प्रतिफल अवश्य विधिक होना चाहिए ।

iv. प्रतिफल ग़ैर-कानूनी हो सकता है ।

**कूट** :

(A) i तथा ii सही हैं । (B) ii तथा iii सही हैं ।

(C) iii तथा iv सही हैं । (D) i तथा iv सही हैं ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**29.** In Jyotindra Bhattacharjee Vs. Mrs. Sona Balon Bora, it was held that

(A) the onus of proving soundness of mind of a person always rests upon a person who alleges such state of mind of another person.

(B) the onus of proving unsoundness of mind of a person always rests upon a person who alleges such state of mind of another person.

(C) the onus of proving unsoundness of mind rests upon person of unsound mind.

(D) the onus of proving unsoundness of mind is on the judge deciding the case involving person of unsound mind.

**30.** Read Assertion (A) and Reason (R) and give the correct explanation with the help of codes given below :

**Assertion (A) :** Agreement is void when both parties are under mistake as to the matter of law.

**Reason (R) :** Parties entering into a contract are legally obliged to know the law relating to the contract.

**Codes :**

(A) (A) and (R) are correct and (R) is correct reason for (A).

(B) (A) is correct, but (R) is wrong.

(C) (R) is correct, but (A) is wrong.

(D) Both (A) and (R) are wrong.

**31.** Where, a law promulgated after the contract is made, makes the performance of the agreement impossible, the agreement becomes

(A) Voidable (B) Valid

(C) Void (D) Absolutely binding

**32.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| i. | Damages arising in the usual course of things | a. | Ghaziabad Dev. Authority Vs. Union of India |
| ii. | Compensation for mental anguish | b. | Hadley Vs. Baxendale |
| iii. | Measure of damages | c. | M/s. Ganga Maruthi Vs. Nagaraj |
| iv. | Compensation for breach of contract where penalty is stipulated for | d. | Jamal Vs. Moolla Dawood |

**Codes :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | b | a | d | c |
| (B) | a | b | d | c |
| (C) | b | a | c | d |
| (D) | d | c | a | b |

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**29.** ज्योतिंद्र भट्टाचार्जी बनाम श्रीमती सोना बालोन बोरा मामले में यह फैसला किया गया था कि

(A) किसी व्यक्ति के दिमाग़ के ठीक होने को सिद्ध करने का दायित्व हमेशा उस व्यक्ति पर होता है जो किसी दूसरे व्यक्ति की मानसिक दशा के बारे में यह आरोप लगाता है ।

(B) किसी व्यक्ति के दिमाग़ ख़राब होने को सिद्ध करने का दायित्व हमेशा उस व्यक्ति पर होता है जो किसी दूसरे व्यक्ति की मानसिक दशा के बारे में यह आरोप लगाता है ।

(C) दिमाग़ ख़राब होने को सिद्ध करने का दायित्व उस व्यक्ति पर है जिसका दिमाग़ खराब है ।

(D) दिमाग़ खराब होने को सिद्ध करने का दायित्व उस न्यायाधीश पर है जो उस मामले को देख रहा है जिसमें कोई दिमाग़ खराब आदमी शामिल है

**30.** अभिकथन (A) तथा कारण (R) को पढ़िए और नीचे दिए गए कूटों की मदद से सही व्याख्या को इंगित कीजिए :

**अभिकथन (A) :** समझौता तब खारिज हो जाता है जब दोनों पक्ष कानून के मामले में गलती के अधीन होते हैं ।

**कारण (R) :** वे पक्ष जो किसी संविदा में प्रवेश कर रहे हैं उनके लिए संविदा से संबद्ध कानून को जानना बाध्यकारी है ।

**कूट** :

(A) (A) तथा (R) सही हैं तथा (R), (A) का सही कारण है ।

(B) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(C) (R) सही है, लेकिन (A) गलत है ।

(D) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।

**31.** जहाँ कोई कानून जो संविदा के होने के बाद घोषित किया जाता है वह समझौते के निष्पादन को असंभव बना देता है, वहाँ समझौता

(A) शून्यकरणीय हो जाता है ।

(B) वैध हो जाता है ।

(C) अमान्य हो जाता है ।

(D) पूर्णरूपेण बाध्यकारी हो जाता है ।

**32.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और कूटों की मदद से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I** | | **सूची – II** | |
|---|---|---|---|
| i. | सामान्य क्रम में पैदा होने वाले हर्जाने | a. | गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण बनाम भारतीय संघ |
| ii. | मानसिक पीड़ा के लिए मुआवज़ा | b. | हैडली बनाम बैक्सेनडेल |
| iii. | हर्जानों का नाप | c. | मैसर्ज़ गंगा मारुति बनाम नागराज |
| iv. | संविदा के उल्लंघन हेतु मुआवज़ा जहाँ दंड निश्चित किया गया हो । | d. | जमाल बनाम मुल्ला दाऊद |

**कूट :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | b | a | d | c |
| (B) | a | b | d | c |
| (C) | b | a | c | d |
| (D) | d | c | a | b |

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

33. Who is the propounder of 'Pigeon hole' theory ?

(A) Winfield (B) Salmond

(C) Flemming (D) Paton

34. The owner of the bus instructed the driver not to race and compete with other omnibuses on a particular route. Driver still tried to obstruct a rival omnibus and caused an accident. What shall be the nature of liability ?

(A) The driver shall be liable for the accident because he did not follow the instructions of his owner.

(B) It shall be the liability of the owner of bus because he has no authority to give instruction to his driver and his act was totally wrong.

(C) The owner of the bus shall be vicariously liable for the accident committed by his driver during the course of employment.

(D) Neither owner nor driver shall be liable.

35. Which of the following is NOT a sovereign function of the State ?

(A) Construction of military road.

(B) Injury to the plaintiff during the lathi-charge by the police to disperse the unlawful crowd.

(C) A Government jeep being taken from the workshop to the collector's bungalow for his use.

(D) Distribution of meals to army personnel.

36. **Assertion (A) :** A wooden chair while being used by a guest, caused an injury to him due to defective manufacture. The guest is entitled to claim damages from the manufacturer.

**Reason (R) :** The manufacturer owes a duty to take care only towards the lawful buyer under the Consumer Protection Act.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**33.** 'पिजन होल' सिद्धांत का प्रस्तावक कौन है ?

(A) विनफील्ड
(B) साल्मंड
(C) फ्लेमिंग
(D) पैटन

**34.** बस मालिक ने एक विशेष रूट पर ड्राइवर को अन्य दूसरी बसों से प्रतियोगिता करने और रेस करने के लिए मना किया था । ड्राइवर ने फिर भी एक प्रतियोगी बस को बाधित करने का प्रयास किया और दुर्घटना कर दी । किस तरह का दायित्व होगा ?

(A) ड्राइवर दुर्घटना के लिए जिम्मेदार होगा क्योंकि उसने अपने मालिक के अनुदेशों का पालन नहीं किया ।
(B) यह बस मालिक का दायित्व होगा क्योंकि उसको कोई अधिकार नहीं था कि वह अपने ड्राइवर को निर्देश दे और उसका कार्य पूर्णत: गलत है ।
(C) बस का मालिक रोजगार के दौरान ड्राइवर द्वारा की गयी दुर्घटना के लिए प्रतिनिधिक रूप से जिम्मेवार होगा।
(D) न तो मालिक और ना ही ड्राइवर जिम्मेवार होगा ।

**35.** निम्नलिखित में से कौन सा राज्य का संप्रभु प्रकार्य नहीं है ?

(A) सैनिक मार्ग का निर्माण ।
(B) विधि विरुद्ध भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस द्वारा किए गए लाठी चार्ज के दौरान वादी को चोट लगना ।
(C) कलेक्टर के बंगले पर उसके उपयोग के लिए वर्कशॉप से सरकारी जीप को ले जाना ।
(D) सैनिकों के लिए भोजन का वितरण ।

**36.** **अभिकथन (A) :** जब अतिथि लकड़ी की कुर्सी पर बैठता है तो उसकी दोषपूर्ण बनावट के कारण चोटग्रस्त हो जाता है । अतिथि निर्माता से क्षतिपूर्ति का हकदार है ।

**कारण (R) :** उपभोक्ता संरक्षण कानून के अधीन केवल विधि सम्मत खरीदारों के प्रति ही उत्पादक की जिम्मेदारी है ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं पर (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है पर (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है पर (R) सही है ।

**37.** If a journalist publishes an article in a leading newspaper that all lawyers were thieves, no particular lawyer could sue him unless there is something to point to the particular individual. It refers to

(A) Defamation of a company

(B) Innuendo

(C) Defamation of public figures

(D) Defamation of class of persons

**38.** Match the List – I (Name of Case) with List – II (Name of Court) :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| 1. Municipal Corporation Vs. Subhagwanti | i. High Court of Madhya Pradesh |
| 2. Roop Lal Vs. Union of India | ii. High Court of Jammu & Kashmir |
| 3. State Vs. Chironji Lal | iii. High Court of Calcutta |
| 4. Rural Transport Service Vs. Bezlum Bibi | iv. Supreme Court |

**Codes :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | ii | i | iii |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iii | iv | ii | i |
| (D) | iv | i | iii | ii |

**39.** The Revenue Inspector knowingly disobeys the direction to conduct enquiry at a place for demarcation, what offence, if any, has been caused by him under IPC ?

(A) An offence as per Sec. 166-A.

(B) For continuing to remain in an unlawful assembly as per Sec. 145.

(C) For touching any point material as per Sec. 199.

(D) For giving false information as per Sec. 201.

**40.** A man has committed physical contact involving unwelcome sexual overture against a female. What offence has been caused by him under IPC ?

(A) Requesting for sexual favour as per Sec. 354-A(1)(ii).

(B) Sexual harassment as per Sec. 354(1)(i).

(C) Out-raging of modesty as per Sec. 354.

(D) Attempt to rape as per Sec. 370(A).

**37.** यदि एक पत्रकार प्रमुख समाचार-पत्र में एक लेख प्रकाशित करता है कि सभी वकील चोर थे, जब तक कि किसी विशेष व्यक्ति की ओर इंगित करने वाली कोई बात न हो कोई वकील उस पर मुकदमा नहीं कर सकता । यह किससे संबंधित है ?

(A) कंपनी की अवमानना
(B) व्यंग्योक्ति
(C) लोकमान्य व्यक्तियों की अवमानना
(D) व्यक्तियों के वर्ग की अवमानना

**38.** सूची – I (मुकदमों के नाम) का सूची – II (न्यायालय का नाम) के साथ मिलान कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| 1. नगर निगम बनाम सुभागवंती | i. मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय |
| 2. रूपलाल बनाम भारत संघ | ii. जम्मू और कश्मीर उच्च न्यायालय |
| 3. राज्य बनाम चिरंजीलाल | iii. कलकत्ता उच्च न्यायालय |
| 4. ग्रामीण यातायात सेवाएँ बनाम बेजलम बीबी | iv. सर्वोच्च न्यायालय |

**कूट :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | ii | i | iii |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iii | iv | ii | i |
| (D) | iv | i | iii | ii |

**39.** राजस्व निरीक्षक सीमा-रेखा के स्थान पर जाँच करने में जानबूझकर निर्देशों की अवज्ञा करता है । उसने भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत यदि कोई किया है, तो किस प्रकार का अपराध किया है ?

(A) धारा 166 ए के अनुसार अपराध करना ।
(B) धारा 145 के अनुसार एक गैर-कानूनी जमावड़े में सतत बने रहने का ।
(C) धारा 199 के अनुसार किसी भी सामग्री (पॉइंट मेटेरियल) को छूने का ।
(D) धारा 201 के अनुसार मिथ्या जानकारी देने का।

**40.** एक पुरुष अवांछित यौन प्रस्ताव के साथ महिला से शारीरिक संबंध बनाता है । उसने आई.पी.सी. के अन्तर्गत, किस प्रकार का अपराध किया है ?

(A) धारा 354-A (1) (ii) के अनुसार यौन संबंध के लिए अनुरोध ।
(B) धारा 354 (1) (i) अनुसार यौन शोषण ।
(C) धारा 354 के अनुसार शालीनता का अतिक्रमण करने ।
(D) धारा 370-A के अनुसार बलात्कार करने का प्रयास ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**41.** Read the Assertion (A) and the Reason (R) given below to answer the correct explanation using the codes :

**Assertion (A) :** The legal right involves freedom from penalty.

**Reason (R) :** A legal right is one which is either enforceable or recognised.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(C) Assertion(A) is correct, but Reason(R) is wrong.

(D) Assertion (A) is incorrect because Reason (R) fixes liability when not enforceable or derecognised.

**42.** The maxim 'ream linguam non facit nisi mens rea' is propounded by

(A) Coke (B) Lord Kenyon

(C) Augustine (D) Lord Arbinger

**43.** Fill in the gap :

Disobedience of law is not ordinarily a crime unless that act is declared as crime by some ______.

(A) law (B) method

(C) society (D) All the above

**44.** The Indian Penal Code prohibits fixing of liability on a person so long he is authorised or gives assent to it. But there is an exceptional situation arising out of :

(A) Libel (B) Public nuisance

(C) Contempt of Court (D) All of them

**45.** Who among the following moved a resolution in the Central Legislative Assembly recommending that the Government should introduce a legislation for registration and protection of Trade Union in the year 1921 ?

(A) B.P. Wadia (B) M.N. Joshi

(C) N.M. Lokhanddey (D) V.V. Giri

**46.** "Works Committee under the Industrial Disputes Act should be substituted by an 'Industrial Relations Committee' to promote in-house dispute settlement." This recommendation was made by

(A) Royal Commission on Labour

(B) National Commission on Labour 1969

(C) National Commission on Labour 2002

(D) National Commission for enterprises in the Unorganised Sector

**41.** अभिकथन (A) तथा कारण (R) को पढ़िए तथा नीचे दिए कूटों का प्रयोग करके सही व्याख्या का उत्तर दीजिए :

**अभिकथन (A) :** कानूनी अधिकार में दंड से मुक्ति शामिल है ।

**कारण (R) :** कानूनी अधिकार वह है जो या तो प्रवर्तनीय है या मान्यता प्राप्त है ।

**कूट** :

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(B) (A) तथा (R) सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

(D) अभिकथन (A) असत्य है क्योंकि (R) उत्तरदायित्व निश्चित करता है जब वह प्रवर्तनीय या अमान्यताकृत होता है ।

**42.** सूत्र वाक्य 'रीम लिंग्वम नॉन फेसिट निसि मेंस री' के प्रस्तुतकर्त्ता हैं ?

(A) कोक
(B) लॉर्ड केन्यॉन
(C) ऑगस्टिन
(D) लॉर्ड अर्बिंजर

**43.** खाली स्थान को भरिए :

कानून की अवज्ञा सामान्यत: एक अपराध नहीं है जब तक कि उस कार्य को किसी ________ के द्वारा अपराध न घोषित कर दिया जाए ।

(A) कानून
(B) प्रणाली
(C) समाज
(D) उपर्युक्त सभी

**44.** भारतीय दंड संहिता एक व्यक्ति पर देनदारी तय करने से रोकती है जब तक कि वह प्राधिकृत है अथवा उसके लिए सहमति देता है । लेकिन किसके कारण एक विशेष स्थिति पैदा हो जाती है ?

(A) अपमान लेख
(B) सार्वजनिक उत्पात
(C) न्यायालय की मानहानि
(D) उपर्युक्त सभी

**45.** निम्न में से किसने केन्द्रीय विधायी सभा में यह सिफारिश करते हुए वर्ष 1921 में एक संकल्प प्रस्तावित किया कि सरकार ट्रेड यूनियनों के पंजीकरण एवं सुरक्षा के लिए एक विधेयक प्रस्तावित करे ?

(A) बी.पी. वाडिया
(B) एम.एन. जोशी
(C) एन.एम. लोखंडे
(D) वी.वी. गिरि

**46.** औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत घर के भीतर ही विवादों के निपटान हेतु 'कार्य समिति' को 'औद्योगिक संबंध समिति' से स्थानापन्न कर दिया जाना चाहिए । यह सिफारिश किसने की ?

(A) श्रम संबंधी राज आयोग
(B) श्रम संबंधी राष्ट्रीय आयोग, 1969
(C) श्रम संबंधी राष्ट्रीय आयोग, 2002
(D) असंगठित सेक्टर में उद्यम हेतु राष्ट्रीय आयोग

Prepp
Your Personal Exams Guide

**47.** Who is a protected workman under the Industrial Disputes Act ? Answer from the codes given below :

1. A workman who is a member of a registered Trade Union.
2. Recognised by the Registrar of the Trade Union as protected workman.
3. A workman who is a member of the Executive or other office bearer of a registered Trade Union connected with the establishment.
4. Recognised as protected workman under the rules applicable to the establishment.

**Codes :**

(A) 1 and 2
(B) 2 and 4
(C) 3 and 4
(D) 1 and 3

**48.** Failure of the conciliation proceedings under the Industrial Disputes Act leads to refer the matter to adjudication by

(A) the conciliation officer
(B) both employer and employee
(C) the employer
(D) the appropriate government

**49.** The power of the Government to refer a Dispute under the Industrial Disputes Act is

(A) Mandatory
(B) Discretionary
(C) Recommendatory
(D) Either mandatory or discretionary

**50.** Read the Assertion (A) and Reason (R). Write the correct answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** The conciliation officer has no power under the Industrial Disputes Act when neither industrial disputes exists or apprehended.

**Reason (R) :** Conciliation officer only investigates the Industrial disputes which exists or apprehended.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are wrong.
(B) Both (A) and (R) are correct.
(C) (A) is correct and(R) is wrong.
(D) (A) is wrong and(R) is correct.

Prepp Your Personal Exam Guide

47. औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत कौन सुरक्षित कर्मकार है ? नीचे दिए कूटों से उत्तर दीजिए ।

1. एक ऐसा कर्मकार जो किसी पंजीकृत ट्रेड यूनियन का सदस्य हो ।
2. ट्रेड यूनियन के पंजीयक द्वारा एक सुरक्षित कर्मकार के रूप में मान्यता ।
3. एक कर्मकार जो सत्ता से जुड़ी हुई किसी पंजीकृत ट्रेड यूनियन की कार्यकारिणी का सदस्य हो अथवा कोई अन्य पदाधिकारी हो ।
4. सत्ता पर लागू नियमों के अंतर्गत एक सुरक्षित कर्मकार के रूप में मान्यता प्राप्त ।

**कूट** :

(A) 1 और 2 (B) 2 और 4

(C) 3 और 4 (D) 1 और 3

48. औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत सुलह कार्यवाहियों की विफलता से मामला अधिनिर्णयन हेतु किसे भेजा जाता है ?

(A) समझौता अधिकारी (B) नियोक्ता तथा कर्मचारी दोनों

(C) नियोक्ता (D) उपयुक्त सरकार

49. औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत किसी विवाद को सौंपने का सरकार का अधिकार है

(A) बाध्यकारी (B) विवेकाधीन

(C) संस्तुतिकारी (D) बाध्यकारी अथवा विवेकाधीन

50. अभिकथन (A) तथा कारण (R) को पढ़िए तथा नीचे दिए कूटों का प्रयोग करके सही उत्तर दीजिए :

**अभिकथन (A) :** औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत समझौता अधिकारी को तब कोई अधिकार नहीं होता जब न तो कोई औद्योगिक विवाद मौजूद हो न उसकी आशंका हो ।

**कारण (R) :** समझौता अधिकारी केवल उन औद्योगिक विवादों की जाँच करता है जो मौजूद हैं या जिनकी आशंका है ।

**कूट** :

(A) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं । (B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।

(C) (A) सही है तथा (R) गलत है । (D) (A) गलत है तथा (R) सही है ।